प्रश्नपत्र संख्या
18 04 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2018-19

विद्यालय का नाम – ..........................................................................

प्रतियोगी का नाम – ........................................ ह० ............ अनुक्रमांक – ............

**कुल समय: 1 घंटा** | **कक्षा-चार** | **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।
2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (–1) अंक दिए जाएँगे।
3) प्रत्येक प्रश्न 2½ अंक का है।
4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

**सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं। प्रश्न पत्र में नहीं।**

**प्रश्न 1. लिपि की आवश्यकता होती है–**
(क) बोलने में (ख) लिखने में (ग) पढ़ने में

**प्रश्न 2. वर्ण का अर्थ है–**
(क) सबसे छोटी इकाई (ख) एक शब्द (ग) एक वाक्य

**प्रश्न 3. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द है–**
(क) त्रिशूल (ख) लड़का (ग) मच्छर

**प्रश्न 4. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द नहीं है–**
(क) ज्ञानी (ख) घड़ी (ग) श्रीगणेश

**प्रश्न 5. 'कमल' का सही वर्ण विच्छेद–**
(क) क् + अ + म् + ल् (ख) क् + म् + ल्
(ग) क् + अ + म् + अ + ल् + अ

**प्रश्न 6. 'कार्य' का सही वर्ण विच्छेद–**
(क) क् + आ + र् + य् + अ (ख) क + र + य
(ग) क + आ + र + य + अ

**प्रश्न 7. सही शब्द बताइए–**
(क) अनुकूल (ख) अनकूल (ग) अनूकूल

**प्रश्न 8. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**

(क) हसना (ख) हँसना (ग) हसनाँ

**प्रश्न 9. हिंदी भाषा की लिपि है–**

(क) गुरूमुखी (ख) देवनागरी (ग) खरोष्ठी

**प्रश्न 10. कौन किसकी सहायता से बोला जाता है–**

(क) स्वर व्यंजन की (ख) व्यंजन स्वर की (ग) दोनों ठीक हैं।

**प्रश्न 11. 'चंद्रमा' का पर्यायवाची शब्द है–**

(क) राकेश (ख) रवि (ग) अमृत

**प्रश्न 12. 'राजा' का पर्यायवाची शब्द है–**

(क) सुरेश (ख) नृप (ग) दूध

**प्रश्न 13. 'वीर' का विलोम शब्द है–**

(क) अवगुण (ख) कायर (ग) साहसी

**प्रश्न 14. किस शब्द में आधे 'र' का प्रयोग किया गया है–**

(क) प्रकट (ख) पर्वत (ग) क्रम

**प्रश्न 15. 'जो कभी न मरे' वाक्यांश के लिए उचित शब्द है–**

(क) अजर (ख) अमर (ग) मरने वाला

**प्रश्न 16. 'जहाँ पहुँचना सरल हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द है–**

(क) सुगम (ख) दुर्गम (ग) दुर्लभ

**प्रश्न 17. 'आज हमारी परीक्षा का ...................... आएगा।' रिक्त स्थान में सही शब्द चुनिए–**

(क) परिनाम (ख) परिणाम (ग) धान

**प्रश्न 18. 'समाज + इक' का उचित मेल है–**

(क) समाजिक (ख) सामाजिक (ग) सामाजीक

**प्रश्न 19. 'शेर' का स्त्रीलिंग शब्द है–**

(क) शेर (ख) शेरनी (ग) मोरनी

**प्रश्न 20. 'नायिका' का पुल्लिंग शब्द है–**

(क) नायक (ख) हीरो (ग) लड़का

**प्रश्न 21. 'लड़की' का बहुवचन होगा–**

(क) लड़कीयाँ (ख) लड़कियाँ (ग) लकड़िया

**प्रश्न 22. 'माला' का बहुवचन होगा–**

(क) मालाएँ (ख) माले (ग) मालाओं

**प्रश्न 23. किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है–**

(क) वृक्ष (ख) कृषि (ग) वर्षा

**प्रश्न 24. '............ सब बहादुर हैं।' रिक्त स्थान में सही सर्वनाम शब्द आएगा–**

(क) हम (ख) मैं (ग) तुम


**प्रश्न 25. '............ बादल' उचित विशेषण शब्द बताइए–**

(क) पीले (ख) नीले (ग) काले

**प्रश्न 26. '............ फूल' उचित विशेषण शब्द बताइए–**


(क) बल (ख) सुंदर (ग) स्थान

**प्रश्न 27. उपयुक्त शब्द छाँटकर त्रिकोण पूरा करो-**




(क) अनिल (ख) पावक (ग) समीर

**प्रश्न 28. उचित शब्द छाँटकर शब्द माला को पूर्ण भरिए–**




(क) नदी (ख) पर्वत (ग) विहान

**प्रश्न 29. 'अठारह' के बाद क्या आएगा–**

(क) बीस (ख) सोलह (ग) उन्नीस

**प्रश्न 30. 'पढ़ाई' शब्द का मूल शब्द क्या है–**

(क) पढ़ (ख) पढ़ा (ग) पड़

**प्रश्न 31. गणतंत्र दिवस कौन सी तिथि को मनाया जाता है?**

(क) 15 अगस्त (ख) 26 जनवरी (ग) 2 अक्टूबर

**प्रश्न 32. 'क्या आप राघव को जानते हो?' वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न का प्रयोग किया गया है–**

(क) प्रश्नवाचक (ख) पूर्णविराम (ग) अर्धविराम

**प्रश्न 33. 'इस सवाल को हल करना तो उनके ········ है' खाली स्थान के लिए उचित मुहावरा बताइए–**

(क) हवा से बातें करना (ख) बाएँ हाथ का खेल (ग) छक्के छुड़ाना

**प्रश्न 34. 'माँ जल्दी खाना दे दो ·····················' खाली स्थान के लिए उचित मुहावरा बताइए–**

(क) पेट में चूहे दौड़ना (ख) काम तमाम करना (ग) टाँग अड़ाना

**प्रश्न 35. 'पढ़ना' क्रिया भविष्य काल में बनेगी–**

(क) पढ़ा (ख) पढ़ता है (ग) पढ़ेगी

**प्रश्न 36. 'मैं कल नैनीताल गया' वाक्य है–**

(क) भूतकाल में (ख) वर्तमान काल में (ग) भविष्यकाल में

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर छाँटिए-**

बुरी आदतें आसानी से पीछा नहीं छोड़ती। जन्म से तो कोई बुरी आदत हम साथ नहीं लाते, फिर यह हमारे व्यवहार में कैसे आ जाती हैं? सामान्यत: बचपन में या नादानी में हम कोई गलत काम केवल एक बार का अनुभव पाने या किसी खास परेशानी से बचने के लिए कर देते हैं और वह एक बार अनुभव धीरे-धीरे हमारी आदत बन जाता है, हमारे स्वभाव में आ जाता है। अत: बुरी बातों, बुरी संगत से दूर ही रहना चाहिए। कहते हैं न–

काजल की कोठरी में कैसो ही सयानो जाए,
एक लीक काजल की लागे है तो लागे है।

**प्रश्न 37. हम बुरी आदतों के शिकार कैसे बन जाते हैं–**

(क) जान बूझकर ○ (ख) नादानी में ○ (ग) धोखे से ○

**प्रश्न 38. 'काजल की कोठरी' किसके समान होती है-**

(क) सुसंगति ○ (ख) कुसंगति ○ (ग) संस्कार ○

**प्रश्न 39. इनमें से कौन सी आदत बुरी नहीं है–**

(क) झूठ बोलना ○ (ख) आदर करना ○ (ग) धोखा देना ○

**प्रश्न 40. हमें किससे दूर रहना चाहिए–**

(क) अनुभव से ○ (ख) कुसंगति से ○ (ग) सुसंगति से ○